भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. 1085
सोमवार, 2 दिसम्बर, 2024/11 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

उत्तर प्रदेश में पर्यटन स्थलों का विकास

1085. श्री राम प्रसाद चौधरीः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश राज्य विशेषकर बस्ती मंडल में स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थलों और स्मारकों के जीर्णोद्धार एवं संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) चालू वित्तीय वर्ष के दौरान बस्ती मंडल में उक्त कार्य के लिए सरकार द्वारा कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार ने नए ऐतिहासिक स्मारकों या स्थलों को निकट भविष्य में पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के लिए सूचीबद्ध किया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): पर्यटन मंत्रालय का लक्ष्य अपनी तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) योजना के तहत उत्तर प्रदेश सहित देश भर में पूर्व-चिह्नित धार्मिक और विरासत स्थलों पर अवसंरचना का विकास करने का है। उत्तर प्रदेश में कुल 6 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं और प्रशाद योजना के तहत विकास के लिए 'आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा स्थापित श्री काली मंदिर, चौक, लखनऊ जिला' तथा 'ब्रज के तीर्थ स्थल' मथुरा जिला' नामक 2 स्थलों को चिह्नित किया गया है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक अपनी चालू योजनाओं के माध्यम से पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्रों/केन्द्रीय एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों के प्रयासों को भी सम्पूरित करता है।

इसके अतिरिक्त, पर्यटन मंत्रालय ने स्थायी और जिम्मेदारीयुक्त गंतव्यों को विकसित करने के उद्देश्य से स्वदेश दर्शन योजना को स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0) के तौर पर नया रूप दिया है और उत्तर प्रदेश में 2 परियोजनाओं सहित 34 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

उत्तर प्रदेश में प्रशाद, स्वदेश दर्शन और पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा **अनुबंध** में है।

******

अनुबंध

श्री राम प्रसाद चौधरी द्वारा उत्तर प्रदेश में पर्यटन स्थलों का विकास के संबंध में दिनांक 02.12.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. 1085 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश में प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु में)

राज्य	**क्र सं**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृति वर्ष**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
उत्तर प्रदेश	1	वाराणसी का विकास - चरण-I	2015-16	18.73	18.73
	2	मेगा पर्यटक परिपथ के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास (चरण -II)	2014-15	10.98	10.98
	3	वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन का विकास	2017-18	9.02	9.02
	4	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण	2014-15	9.36	9.36
	5	वाराणसी का विकास - चरण -II	2017-18	44.60	31.77
	6	गोवर्धन में अवसंरचना संबंधी सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59	30.97

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु में)

राज्य	**परिपथ का नाम/वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**जारी की गई राशि**
उत्तर प्रदेश	बौद्ध परिपथ 2016-17	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	87.89	72.56
	रामायण परिपथ 2016-17	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	69.45	64.09
	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-	71.91	69.63

		कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास		
	आध्यात्मिक परिपथ 2016-17	बिजनौर-मेरठ-कानपुर-कानपुर देहात-बांदा-गाजीपुर-सलेमपुर-घोसी-बलिया-अंबेडकरनगर-अलीगढ़-फतेहपुर- देवरिया-महोबा-सोनभद्र- चंदौली- मिश्रिख-भदोही का विकास	67.51	64.14
	विरासत परिपथ 2016-17	कालिंजर किले (बांदा)- मगहर धाम (संतकबीर नगर)- चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)- महुआर शहीद स्थल (घोसी)- शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	36.65	32.27
	रामायण परिपथ 2017-18	अयोध्या का विकास	127.21	115.46
	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास	12.03	11.43
	आध्यात्मिक परिपथ 2018-19	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	18.30	18.12

उत्तर प्रदेश में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

राज्य	स्वीकृति वर्ष	गंतव्य	एक्सपीरियंस का नाम	स्वीकृत राशि (करोड़ रुपए में)
उत्तर प्रदेश	2023-24	प्रयागराज	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस	13.02
	2023-24	नैमिषारण्य	वैदिक- वेलनेस एक्सपीरियंस	15.94

उत्तर प्रदेश में 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केंद्रीय एजेंसियों को सहायता' की योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची

(करोड़ रु में)

राज्य	स्वीकृति वर्ष	परियोजना का नाम	स्वीकृत राशि	जारी की गई राशि
उत्तर प्रदेश	2013-14	आगरा कैंट रेलवे स्टेशन का संयुक्त	5.05	5.05

		विकास।		
	2013-14	राय-बरेली रेलवे स्टेशन का संयुक्त विकास	4.44	3.55
	2017-18	वाराणसी, उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था- 1. दशाश्वमेध घाट से दरबंगा घाट (300 मीटर का विस्तार) 2. तुलसी मानस मंदिर 3. सारनाथ संग्रहालय	2.93	2.93
	2014-15	वाराणसी/सारनाथ में स्मारकों की प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में लालकन का मकबरा और बनारस में मान महल)।	5.12	3.81

******